उत्तर प्रदेश सरकार
उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड
19 सी, तुलसी गंगा कॉम्पलेक्स, विधानसभा मार्ग,
लखनऊ, उत्तर प्रदेश–226001

सूचना/विज्ञप्ति

उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस/पी0ए0सी0 के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती–2023 एवं उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पदों पर कुशल खिलाडियों की सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत
अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल परीक्षण के आयोजन की सूचना

संख्याः पीआरपीबी–एक–कु0खि0(16)/2023(भाग–3) दिनांकः मार्च 27, 2025

उ0प्र0 पुलिस में आरक्षी नागरिक पुलिस/पी0ए0सी0 के पदों पर कुशल खिलाड़ियों की सीधी भर्ती–2023 हेतु विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–एक–कु0खि0(16)/2023, दिनांक 12–12–2023 द्वारा एवं उप निरीक्षक नागरिक पुलिस के पदों पर कुशल खिलाडियों की सीधी भर्ती–2023 के अन्तर्गत विज्ञप्ति संख्याः पीआरपीबी–एक–कु0खि0(19)/2023, दिनांक 19–12–2023 द्वारा ऑनलाइन आवेदन पत्र आमंत्रित किये गये थे।

2– उक्त सम्बन्ध में अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि उत्तर प्रदेश पुलिस (कुशल खिलाड़ियों) की भर्ती एवं बिना पारी पदोन्नति नियमावली–2021 के नियमों के अनुसार उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड द्वारा उक्त भर्तियों हेतु प्राप्त **आवेदन पत्रों की आरम्भिक स्कूटनी (Initial scrutiny) के उपरान्त उपयुक्त/पात्र पाये गये** अभ्यर्थियों की **"अभिलेखों की संवीक्षा एवं खेल कौशल परीक्षण"** का आयोजन माह अप्रैल की तृतीय सप्ताह से किया जाना प्रस्तावित है। प्रत्येक खेल विधा हेतु पात्र पाये गये अभ्यर्थियों को खेल विधा हेतु निर्धारित तिथि के 10 दिवस पूर्व प्रवेश पत्र बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" पर निर्गत किया जायेगा।

3– यह सूचना अभ्यर्थियों के सूचनार्थ प्रकाशित की जा रही है। तिथियॉ/परीक्षणस्थल निर्धारणोपरान्त इसकी सूचना बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" पर प्रदर्शित की जायेगी।

4– अभ्यर्थियों से अपेक्षा की जाती है वे अग्रेतर **महत्वपूर्ण निर्देशों** हेतु उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड की वेबसाइट "http://uppbpb.gov.in/" का अवलोकन करते रहें। यह भी सूचित किया जाता है कि अभ्यर्थियों के परीक्षा सम्बन्धी समस्त सूचना/निर्देश बोर्ड की वेबसाइट के माध्यम से ही प्रदान की जायेगी।

27-03-25

अपर सचिव (भर्ती)
उ0प्र0पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड,
लखनऊ।